# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


पत्रांक : ...................... /2025–26 दिनांक : 16.10.2025

## प्रकाशनार्थ

**बी.एड. छात्र परिषद् का गठन तथा नवागत छात्र परिचय एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन**

**प्रकाशनार्थ**

आज दिनांक १६.१०.२०२५ को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षा विभाग में बी.एड. छात्र परिषद का गठन तथा नवागत छात्रों के परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के औपचारिक शुरुआत शुभारम्भ शिक्षक-शिक्षा विभाग के प्रभारी एवं अन्य प्राध्यापकगणों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई । इसके पश्चात बी०एड० तृतीय सेमेस्टर के हेमा गुप्ता, आंशिक पांडेय, नेहा साहनी एवं सन्नु गौतम के द्वारा सरस्वती वंदना एवं आकांक्षा राव, हर्षिता कश्यप, हेमा गुप्ता एवं पूजा अग्रहरि के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के प्रथम चरण में सत्र: २०२५.२६ हेतु बी.एड. छात्र परिषद के गठन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। परिषद गठन के अवसर पर सर्वप्रथम डॉ. सुभाष चंद्र ने इस परिषद के गठन के उद्देश्यों से समस्त प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। इसके पश्चात बी.एड परिषद के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से हुआ । अध्यक्ष पद पर आकांक्षा राव और उपाध्यक्ष पद पर प्रद्युम्न दूबे बी.एड. द्वितीय वर्ष से तथा बी.एड. प्रथम वर्ष से नेहा दूबे मंत्री पद और आदर्श राव सह मंत्री पद पर चुने गए । हेमा गुप्ताए नेहा साहनी, अखिलेश चंद, दीपक कुमार, मुस्कान जायसवाल, आकर्षिता, सूर्यांशु शुक्ला, एवं ज्ञानेश कुमार नापित सांस्कृतिक मंत्री पद पर नियुक्त किए गए । बी०एड० तृतीय सेमेस्टर के हर्षिता कश्यप एवं बी० एड० प्रथम सेमेस्टर के प्रिया का कक्षा प्रतिनिधि पद पर चयन हुआ । मीडिया प्रभारी पद पर सन्नु गौतम, आंशिक पांडेय, प्रांजलि प्रिया एवं गार्गी त्रिपाठी का चयन किया गया । पुस्तकालय मंत्री पद के लिए अभिमन्यु यादव, सरस्वती, प्रवीण राम त्रिपाठी व अनुष्का यादव को चुना गया । इस अवसर पर स्वच्छता, अनुशासन तथा पर्यावरण समितियों का गठन भी किया गया । इस अवसर पर विशाल सिंह एवं नेहा दुबे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं क्विज के द्वारा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं में से मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर का चयन किया गया । मिस्टर फ्रेशर के रूप में सायंतन कुमार और मिस फ्रेशर के रूप में प्रांजलि प्रिया को चुना गया । बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षु सुधीर कुमार ने मिस्टर फ्रेशर को सैश पहनाकर एवं गिफ़्ट देकर तथा हेमा गुप्ता ने मिस फ्रेशर को क्राउन पहनाकर, सैश लगाकर एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन बी०एड० तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षु हेमा गुप्ता एवं हर्षिता कश्यप ने की ।

इस दौरान बी.एड. विभाग की प्रभारी प्रो० (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, प्रो० (डॉ.) अरुण कुमार तिवारी, डॉ. सुभाष चंद्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप यादव, श्री गोपाल सिंह विभाग के परिचर श्री अमरनाथ चौधरी सहित बी०एड० प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहें ।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
मीडिया प्रभारी